Naidunia, Indore, Sep 06 2012

टीसीएस आईटी विज में सेंटपॉल स्कूल विजेता

नेशनल फाइनल में इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे

इंदौर। भारत की सबसे बड़ी आईटी क्विज 'टीसीएस आईटी विज' के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर युवाओं का जबरदस्त रिस्पांस दिखा।

इंदौर के विभिन्न स्कूलों के 1000 से अधिक स्टूडेंट्स ने इसमें हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। पहले के सरल राउंड और फिर अंतिम में होते कठिन राउंड्स में जबरदस्त मुकाबले के बीच सेंटपॉल हायर सेकंडरी स्कूल के पंकज मनचंदा और प्रत्युष समल ने विजेता ट्रॉफी और गैलेक्सी नोट जीता।

एटोमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल के अभिषेक नाइक और पलाश अग्रवाल ने उपविजेता की ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी टेब जीतने में सफलता पाई। क्विज को फेमस क्विज मास्टर 'पिकब्रेन' गिरिबालासुब्रमणियम ने होस्ट किया था। अंतिम मुकाबले में पहुँचने वाले 6 फायनलिस्ट को और दर्शकों को भी सही उत्तर देने पर पुरस्कार दिए गए।